

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## APRIL-2024

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - निम्नलिखित में से कौन-सी नदी विभ्रंश घाटी से होकर बहती है?**

**(A) चंबल** **(B) यमुना**

**(C) गोदावरी** **(D) नर्मदा**

उत्तर - (D) नर्मदा

**अथवा**

**निम्नलिखित में से कौन-सा पवन सामयिक (आवधिक) पवन का एक उदाहरण है?**

**(A) स्थलीय और समुद्री समीर** **(B) पछुआ पवन**

**(C) मानसून** **(D) फॉन**

उत्तर - (C) मानसून

**प्रश्न 2 - निम्नलिखित में से कौन-सा कारक समुद्र की लवणता को प्रभावित करता है?**

**(A) अनाच्छादन** **(B) निक्षेपण**

**(C) वाष्पीकरण** **(D) अपरदन**

उत्तर - (C) वाष्पीकरण

**अथवा**

**निम्नलिखित में से कौन-सा एक महासागरीय क्षेत्र है, जो तापमान के ऊर्ध्वाधर वितरण के आधार पर विभाजित है?**

**(A) उच्च अक्षांश** **(B) मध्यम अक्षांश**

**(C) भूमध्यसागरीय** **(D) तापप्रवणस्तर (थर्मोक्लाइन)**

उत्तर - (D) तापप्रवणस्तर (थर्मोक्लाइन)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 3 - निम्नलिखित में से कौन-सा स्थानीय पवन का उदाहरण है?**

**(A) व्यापारिक पवन** **(B) पछुआ पवन**

**(C) फॉन** **(D) मानसून**

**उत्तर -** (C) फॉन

**प्रश्न 4 - 'प्रमुख जलवायु समूह A' निम्नलिखित में से किसको संदर्भित करता है?**

**(A) ध्रुवीय जलवायु** **(B) उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवायु**

**(C) शुष्क जलवायु** **(D) गर्म शीतोष्ण जलवायु**

**उत्तर -** (B) उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवायु

**प्रश्न 5 - कर्क रेखा निम्नलिखित में से किस राज्य से होकर गुजरती है?**

**(A) असम** **(B) बिहार**

**(C) नागालैंड** **(D) राजस्थान**

**उत्तर -** (D) राजस्थान

**अथवा**

**निम्नलिखित में से कौन-सी नदी गंगा बेसिन में शामिल है?**

**(A) ब्रह्मपुत्र** **(B) सतलुज** **(C) यमुना** **(D) गोदावरी**

**उत्तर -** (C) यमुना

**प्रश्न 6 - नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**अभिकथन (A) :** धरातलीय जल का प्रमुख स्रोत वर्षा है।

**कारण (R) :** लगभग 20 प्रतिशत वर्षा का वाष्पीकरण होता है और वायुमंडलीय जल बन जाता है।

**(A) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है**

**(B) दोनों (A) ओर (R) सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं हे**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) (A) सही है लेकिन (R) गलत है**

**(D) (A) गलत है लेकिन (R) सही है**

**उत्तर -** (B) दोनों (A) और (R) सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**प्रश्न 7 - भारत सरकार निम्नलिखित में से किस तारीख को 'राष्ट्रीय वन शहीद दिवस' मनाती है?**

**(A) 12 सितम्बर** **(B) 11 सितम्बर**

**(C) 10 सितम्बर** **(D) 9 सितम्बर**

**उत्तर -** (B) 11 सितम्बर

**प्रश्न 8 - अरबारी आरक्षित वन क्षेत्र निम्नलिखित में से किसमें स्थित है?**

**(A) हल्दिया** **(B) पश्चिम मिदनापुर** **(C) कोलकाता** **(D) दार्जिलिंग**

**उत्तर -** (B) पश्चिम मिदनापुर

**प्रश्न 9 - 'ऑपरेशन फ्लड' से संबंधित सही कथन का चयन कीजिए।**

**(A) 'ऑपरेशन फ्लड' ने जूट किसानों को सशक्त बनाया।**

**(B) 'ऑपरेशन फ्लड' ने बाजरे के किसानों को सशक्त बनाया।**

**(C) 'ऑपरेशन फ्लड' ने चाय के किसानों को सशक्त बनाया।**

**(D) 'ऑपरेशन फ्लड' ने डेयरी के किसानों को सशक्त बनाया।**

**उत्तर -** (D) 'ऑपरेशन फ्लड' ने डेयरी के किसानों को सशक्त बनाया।

**प्रश्न 10 - कॉलम—I का मिलान कॉलम—II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :**

| **कॉलम-I (फसल)** | **कॉलम-II (अग्रणी उत्पादक राज्य)** |
|---|---|
| (a) गेहूँ | (i) पश्चिम बंगाल |
| (b) चावल | (ii) उत्तर प्रदेश |
| (c) चाय | (iii) कर्नाटक |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

| कॉलम-I (फसल) | कॉलम-II (अग्रणी उत्पादक राज्य) |
|---|---|
| (d) कॉफी | (iv) असम |

**विकल्प :**

**(A) (a)-(ii) (b)-(i) (c)-(iii) (d)-(iv)**

**(B) (a)-(ii) (b)-(i) (c)-(iv) (d)-(iii)**

**(C) (a)-(i) (b)-(ii) (c)-(iv) (d)-(iii)**

**(D) (a)-(i) (b)-(ii) (c)-(iii) (d)-(iv)**

**उत्तर -** (B) (a)-(ii) (b)-(i) (c)-(iv) (d)-(iii)

**अथवा**

**कॉलम-I का मिलान कॉलम - II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :**

| कॉलम—I (खनिज) | कॉलम—II (खान) |
|---|---|
| (a) बॉक्साइट | (i) नेवेली |
| (b) पेट्रोलियम | (ii) कटनी |
| (c) कोयला | (iii) रत्नागिरि |
| (d) लोहा | (iv) डिग्बोई |

**विकल्प :**

**(A) (a)–(i) (b)–(ii) (c)–(iii) (d)–(iv)**

**(B) (a)–(ii) (b)–(iv) (c)–(i) (d)–(iii)**

**(C) (a)–(iv) (b)–(iii) (c)–(ii) (d)–(i)**

**(D) (a)–(iii) (b)–(iv) (c)–(i) (d)–(ii)**

**उत्तर -** (B) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)

**प्रश्न 11 - निम्नलिखित में से किस जनसंख्या वर्ष में भारत में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत सबसे अधिक था?**

**(A) 2011** **(B) 2001**

**(C) 1991** **(D) 1981**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर** - (A) 2011

**अथवा**

**निम्नलिखित में से किस राज्य में देश में सबसे अधिक लिंगानुपात है?**

**(A) महाराष्ट्र** **(B) पश्चिम बंगाल**

**(C) केरल** **(D) गुजरात**

**उत्तर** - (C) केरल

**प्रश्न 12 - निम्नलिखित में से किसने देश में सर्व शिक्षा अभियान शुरू किया है?**

**(A) उत्तर प्रदेश राज्य सरकार** **(B) हरियाणा राज्य सरकार**

**(C) भारत सरकार** **(D) दिल्ली सरकार**

**उत्तर** - (C) भारत सरकार

**प्रश्न 13 - निम्नलिखित में से किस राज्य का मानव विकास सूचकांक में सर्वोच्च स्थान है?**

**(A) गोवा** **(B) गुजरात** **(C) केरल** **(D) तमिलनाडु**

**उत्तर** - (C) केरल

**अथवा**

**निम्नलिखित में से कौन-सा मानव विकास का एक स्तंभ है?**

**(A) समता** **(B) न्याय** **(C) लोकतंत्र** **(D) धर्म**

**उत्तर** - (A) समता

**प्रश्न 14 - निम्नलिखित में से कौन सहस्राब्दि विकास लक्ष्यों (Millennium Development Goals) के अंतर्गत आता है?**

**(A) सार्वभौम उच्च शिक्षा को प्राप्त करना**

**(B) अत्यधिक गरीबी को मिटाना**

**(C) लोकतंत्र को बढ़ावा देना**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(D) समानता को बढ़ावा देना**

**उत्तर -** (B) अत्यधिक गरीबी को मिटाना

**अथवा**

**निम्नलिखित में से किस सम्मेलन में भविष्य के पर्यावरण के संबंध में 'एजेंडा-21' तैयार किया गया था?**

**(A) महासभा का विशेष सम्मेलन (न्यूयॉर्क)**

**(B) संयुक्त राष्ट्र सहस्राब्दि शिखर सम्मेलन**

**(C) पृथ्वी शिखर सम्मेलन (रियो)**

**(D) रियो + 10 (सतत विकास पर शिखर सम्मेलन)**

**उत्तर -** (C) पृथ्वी शिखर सम्मेलन (रियो)

**प्रश्न 15 - कुल सतत विकास लक्ष्य हैं**

**(A) 13** **(B) 11**

**(C) 15** **(D) 17**

**उत्तर -** (D) 17

**अथवा**

**निम्नलिखित किस केंद्र-शासित प्रदेश ने सतत विकास लक्ष्य सूचकांक में उच्चतम स्कोर हासिल किया है?**

**(A) दिल्ली** **(B) लक्षद्वीप**

**(C) पुदुच्चेरी** **(D) चंडीगढ़**

**उत्तर -** (D) चंडीगढ़

**प्रश्न 16 - निम्नलिखित में से कौन-सा ठंडा पवन है?**

**(A) बोरा** **(B) फॉन**

**(C) चिनूक** **(D) सिरोको**

**उत्तर -** (A) बोरा

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**


**बुरान ठंडे पवन निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित हैं?**

**(A) मध्य एशिया और रूस** **(B) रॉकी पर्वत**

**(C) आल्प्स पर्वत** **(D) उत्तर भारत का मैदानी क्षेत्र**

**उत्तर -** (A) मध्य एशिया और रूस

**निर्देश :** दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और मानचित्र पर आधारित प्रश्न संख्या 17, 18, 19 और 20 के उत्तर दीजिए।




**प्रश्न 17 - मानचित्र पर अंकित 'A' पर्वत की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A) ऐपलेशियन** **(B) आल्प्स**

**(C) रॉकी** **(D) एंडीज़**

**उत्तर -** (A) ऐपलेशियन

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 18 - मानचित्र पर अंकित 'B' प्लेट की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A) कैरिबियाई प्लेट** **(B) स्कोशिया प्लेट**

**(C) नाज़का प्लेट** **(D) फिलीपीन प्लेट**

**उत्तर -** (C) नाज़्का प्लेट

**प्रश्न 19 - मानचित्र पर अंकित 'C' समुद्री धारा की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A) कैलिफोर्निया** **(B) विषुवतीय**

**(C) बेंगुएला** **(D) पेरू**

**उत्तर -** (A) कैलिफोर्निया

**प्रश्न 20 - मानचित्र पर अंकित 'D' घासभूमि की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A) प्रेयरीज** **(B) पंपास**

**(C) केंटरबरी** **(D) डाउंस**

**उत्तर -** (C) कैंटरबरी

**प्रश्न 21 - निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए :**

**(क) जापान के ज्वालामुखी पर्वत का नाम लिखिए।**

**उत्तर -** माउंट फूजी (फूजीयामा)

**(ख) मालवा पठार किस प्रकार के पठार का उदाहरण है?**

**उत्तर -** ज्वालामुखीय लावा पठार

**(ग) मेक्सिकन पठार किस प्रकार के पठार का उदाहरण है?**

**उत्तर -** अंतरापर्वतीय पठार

**(घ) कोलोराडो पठार किस प्रकार के पठार का उदाहरण है?**

**उत्तर -** अंतरापर्वतीय पठार

**प्रश्न 22 - दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**मानव सतत पोषणीयता**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

मानव विकास सतत विकास लक्ष्यों का मूल है और अधिकांश लक्ष्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इससे संबंधित हैं। मानव सतत पोषणीयता को बनाए रखने के लिए मानव पूँजी में सुधार की आवश्यकता है। इसलिए गरीबी समाप्त करने और भुखमरी दूर करने के लिए गरीबी उन्मूलन में निवेश करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, स्वास्थ्य में सुधार और सभी के लिए आर्थिक कल्याण को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र, सेवाओं तक पहुँच, पोषण और ज्ञान व कौशल वृद्धि में भी निवेश की आवश्यकता है। अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण को बनाए रखने के लिए हमें सभी देशों में नवजात शिशुओं और 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु को समाप्त करना होगा; एड्स, तपेदिक, मलेरिया, जल-जनित बीमारियाँ और अन्य संचारी रोग आदि की महामारी को समाप्त करना होगा। कौशल और क्षमता के विकास के माध्यम से हम समुदायों और समाज की भलाई को बढ़ावा दे सकते हैं।

**(क) सतत पोषणीय विकास लक्ष्यों (SDGs) के मूल लक्ष्य की पहचान कीजिए।**

**उत्तर –** मानव विकास

**(ख) मानवीय पोषणीयता को बनाए रखने की आवश्यकता का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** मानव पूँजी में सुधार करना

**(ग) गरीबी समाप्त करने और भुखमरी दूर करने के लिए क्या आवश्यक है?**

**उत्तर –** गरीबी उन्मूलन में निवेश

**(घ) हम समुदायों और समाज की भलाई को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं?**

**उत्तर –** कौशल और क्षमता विकास के माध्यम से

**प्रश्न 23 - कॉलम-A और कॉलम-B से किन्हीं दो सही जोड़ों का मिलान कीजिए :**

| **कॉलम-A (फसलें)** | **कॉलम-B (अग्रणी उत्पादक)** |
|---|---|
| (a) गन्ना | (i) पश्चिम बंगाल |
| (b) फूलों की खेती | (ii) झारखंड |
| (c) कपास | (iii) बिहार |
| (d) चावल | (iv) कर्नाटक |
| | (v) उत्तर प्रदेश |
| | (vi) केरल |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(vii) गुजरात

**उत्तर –**

| कॉलम-A (फसलें) | कॉलम-B (अग्रणी उत्पादक) |
|---|---|
| (a) गन्ना | (v) उत्तर प्रदेश |
| (b) फूलों की खेती | (iv) कर्नाटक |
| (c) कपास | (vii) गुजरात |
| (d) चावल | (i) पश्चिम बंगाल |

**प्रश्न 24 - निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए :**

**(क) क्षेत्रीय भूगोल की किन्हीं दो मुख्य उपशाखाओं के नाम लिखिए।**

**उत्तर –** प्रादेशिक नियोजन और प्रादेशिक विकास

**(ख) मानचित्र एवं आरेख बनाने के अध्ययन एवं अभ्यास को क्या कहा जाता है?**

**उत्तर –** मानचित्रकला

**(ग) भौतिक भूगोल की किन्हीं दो शाखाओं के नाम लिखिए।**

**उत्तर –** भू-आकृति विज्ञान और जलवायु विज्ञान

**(घ) मानव भूगोल की किन्हीं दो शाखाओं के नाम लिखिए।**

**उत्तर –** आर्थिक भूगोल और जनसंख्या भूगोल

**प्रश्न 25 - कॉलम-A और कॉलम-B से किन्हीं दो सही जोड़ों का मिलान कीजिए :**

| **कॉलम-A** | **कॉलम-B** |
|---|---|
| (a) ताप विद्युत् संयंत्र | (i) कटनी |
| (b) जल विद्युत संयंत्र | (ii) खेतड़ी |
| (c) थोरियम | (iii) बेल्लारी |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(d) परमाणु शक्ति संयंत्र (iv) हीराकुंड

(v) विशाखापटनम

(vi) कैगा

(vii) सिंगरौली

**उत्तर –**

| कॉलम-A | कॉलम-B |
|---|---|
| (a) ताप विद्युत् संयंत्र | (vii) सिंगरौली |
| (b) जल विद्युत संयंत्र | (iv) हीराकुंड |
| (c) थोरियम | (v) विशाखापत्तनम |
| (d) परमाणु शक्ति संयंत्र | (vi) कैगा |

**प्रश्न 26 - निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर रिक्त स्थान में उपयुक्त शब्द भरकर दीजिए :**

**(क) ____ महाद्वीपीय मन्नतट है जो तटरेखा से शुरू होता है और महाद्वीपीय किनारे तक फैला है।**

**उत्तर –** महाद्वीपीय शेल्फ

**(ख) समतल शीर्ष वाले पर्वतों (समुद्री टीलों) को ____ कहा जाता है।**

**उत्तर –** गयोट

**(ग) महासागरों की सतह का तापमान भूमध्यरेखा से ____ की ओर कम हो जाता है।**

**उत्तर –** ध्रुवों

**(घ) दक्षिण गोलार्द्ध की तुलना में उत्तरी गोलार्द्ध में ____ क्षेत्र अधिक है।**

**उत्तर –** स्थल

**प्रश्न 27 - दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**मौसम और जलवायु में अंतर**

मौसम और जलवायु को कभी-कभी पर्यायवाची के रूप में उपयोग किया जाता है लेकिन वे समान नहीं है। तापमान और दबाव के संबंध में सामान्य वायुमंडलीय दशाओं की स्थिति को मौसम कहा जाता है। मौसम की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह हर दिन बदलता है और अनियमित हो सकता है। यही कारण है कि हमें दैनिक मौसम की अद्यतन सूचना व सतर्कता मिलती है। भारतीय मौसम विभाग (आइ० एम० डी०) जैसी मेट्रोलोजिकल एजेंसियाँ मौसमी पूर्वानुमान प्रदान करती हैं। दूसरी ओर जलवायु किसी विशेष क्षेत्र या प्रदेश की दीर्घकालिक औसत मौसम की दशाओं को संदर्भित करता है।

**(क) भारत के लिए मौसम का पूर्वानुमान कौन उपलब्ध करता है?**

**उत्तर –** भारतीय मौसम विभाग (IMD)

**(ख) उस मुख्य कारक का उल्लेख कीजिए जो जलवायु को मौसम से अलग करता है।**

**उत्तर –** समय की अवधि (मौसम – अल्पकालिक, जलवायु – दीर्घकालिक)

**प्रश्न 28 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए :**

**(क) मूँगा चट्टानों का निर्माण कौन करता है?**

**उत्तर –** मूंगा जीव

**(ख) उष्णकटिबंधीय महासागरों में पाए जाने वाले निचले केंद्रीय अवसाद के आसपास प्रवाल भित्तियों से युक्त निचले द्वीपों को क्या कहा जाता है?**

**उत्तर –** प्रवालद्वीप (एटोल)

**प्रश्न 29 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए :**

**(क) ऊर्जा के दो प्रमुख स्रोतों के नाम बताइए जो विभिन्न बहिर्जनिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाते हैं।**

**उत्तर –** सौर ऊर्जा और गुरुत्वाकर्षण

**(ख) अंतरापर्वतीय पठार का एक उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर –** तिब्बत का पठार

**प्रश्न 30 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(क) किन्हीं दो महाद्वीपों के नाम लिखिए जहाँ जनवरी माह में निम्न वायुदाब होते हैं।**

**उत्तर –** ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका

**(ख) अंतर-उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र का अन्य नाम क्या है?**

**उत्तर –** शांत पेटी (डोलड्रम्स)

**प्रश्न 31 - भारत में पश्चिमी घाट की दो प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – भारत में पश्चिमी घाट की दो प्रमुख विशेषताएँ हैं :**

**1. निरंतरता :** पश्चिमी घाट पश्चिमी तट के समानांतर एक अटूट दीवार की तरह फैले हुए हैं, जिन्हें केवल दर्रों के माध्यम से ही पार किया जा सकता है।

**2. पर्वतीय वर्षा :** ये दक्षिण-पश्चिम मानसूनी पवनों को रोककर पश्चिमी तटीय मैदानों में भारी वर्षा कराते हैं।

**प्रश्न 32 - भारतीय कृषि पर हरित क्रांति के किन्हीं दो नकारात्मक प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – भारतीय कृषि पर हरित क्रांति के दो नकारात्मक प्रभाव :**

1. **भूमि क्षरण :** रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता कम हो गई है।
2. **जल स्तर में गिरावट :** सिंचाई की अधिक मांग के कारण भूजल का अत्यधिक दोहन हुआ है, जिससे जल स्तर नीचे चला गया है।

**प्रश्न 33 - "सूर्य, ऊर्जा का सबसे महत्त्वपूर्ण, प्रचुर और प्रत्यक्ष स्रोत है।" भारत के संदर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** हाँ, भारत के संदर्भ में सूर्य ऊर्जा का सबसे महत्त्वपूर्ण, प्रचुर और प्रत्यक्ष स्रोत है क्योंकि यहाँ वर्ष के अधिकांश दिनों में प्रचुर मात्रा में सूर्य का प्रकाश मिलता है। यह ऊर्जा का एक नवीकरणीय और प्रदूषण-मुक्त स्रोत है, जो भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने में सक्षम है।

**प्रश्न 34 - सतत विकास लक्ष्यों के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए नीति आयोग की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर –** सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) को प्राप्त करने में नीति आयोग की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। यह केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करता है, SDGs के लिए सूचकांक व निगरानी तंत्र विकसित करता है तथा नीति निर्माण, योजना और मूल्यांकन के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देता है।

**प्रश्न 35 - मनुष्य, पर्यावरण और उसकी गुणवत्ता को किस प्रकार प्रभावित कर रहे हैं? किन्हीं दो तरीकों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – मनुष्य पर्यावरण और उसकी गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले दो प्रमुख तरीके हैं :-**

1. **प्रदूषण :** मानवीय गतिविधियों से कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसें बढ़ रही हैं, जिससे वायु प्रदूषण और वैश्विक तापन हो रहा है।
2. **संसाधनों का दोहन :** वनों की कटाई और भूमि उपयोग में परिवर्तन से पर्यावरणीय संतुलन और जैव विविधता प्रभावित हो रही है।

**प्रश्न 36 - भारत के दिए गए राजनीतिक रेखामानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :**


**(a) 18 वन्यजीव अभयारण्यों वाला पूर्वी राज्य**

**उत्तर –** असम

**(b) 25 वन्यजीव अभयारण्यों वाला पश्चिमी राज्य**

**उत्तर –** राजस्थान

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/




**प्रश्न 37 - भारत के दिए गए रेखामानचित्र में निम्नलिखित को अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :**


**(a) भारत की मुख्यभूमि पर दक्षिणतम स्थान**

**उत्तर –** कन्याकुमारी

**(b) पूर्वी घाट की सबसे ऊँची चोटी**

**उत्तर –** महेंद्रगिरि

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/




**प्रश्न 38 - विभिन्न लोगों के लिए विकास के विभिन्न अर्थों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर –** विभिन्न लोगों के लिए विकास के अर्थ अलग-अलग होते हैं क्योंकि उनकी परिस्थितियाँ और जीवन के लक्ष्य भिन्न होते हैं। जैसे, एक शहर के बेरोजगार युवक के लिए रोजगार के अवसर विकास हैं, वहीं एक किसान के लिए फसलों का बेहतर मूल्य और सिंचाई की सुविधा विकास का अर्थ रखती है।

**प्रश्न 39 - भारत में शुष्क पर्णपाती वनों की किन्हीं दो विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – भारत में शुष्क पर्णपाती वन की दो प्रमुख विशेषताएं :-**

1. **वर्षा :** ये वन उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं जहाँ वर्षा 70 सेमी से 100 सेमी के बीच होती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **पत्तियां गिराना :** शुष्क ऋतु (गर्मी) शुरू होते ही नमी बचाने के लिए ये वृक्ष अपनी पत्तियां पूरी तरह गिरा देते हैं, जिससे जंगल नंगे पेड़ों वाले घास के मैदान जैसा दिखाई देता है।


**प्रश्न 40 - दिए गए मानचित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**(क) उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ गिर पहाड़ियाँ स्थित हैं।**

**उत्तर –** गुजरात

**(ख) बंगाल की खाड़ी में स्थित द्वीप का नाम लिखिए।**

**उत्तर –** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह



**प्रश्न 41 - 'ब्लॉक पर्वतों' की तीन प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – 'ब्लॉक पर्वतों' की तीन प्रमुख विशेषताएँ :**

1. **निर्माण प्रक्रिया :** ब्लॉक पर्वत भू-पर्पटी में भ्रंश के कारण बनते हैं। जब धरातल का एक भाग ऊपर उठ जाता है और आसपास का भाग नीचे धँस जाता है, तब ब्लॉक पर्वत बनते हैं।
2. **आकृति :** इन पर्वतों के शिखर समतल और किनारे अत्यंत तीव्र ढाल वाले होते हैं। इन्हें 'हॉर्स्ट' भी कहा जाता है।
3. **भ्रंश घाटियों की उपस्थिति :** ब्लॉक पर्वतों के साथ-साथ भ्रंश घाटियाँ भी बनती हैं, जिन्हें ग्राबेन कहा जाता है। ये घाटियाँ पर्वतों के बीच पाई जाती हैं।

**उदाहरण :** फ्रांस के वौस्जेज तथा जर्मनी के ब्लैक फॉरेस्ट पर्वत इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

**प्रश्न 42 - समशीतोष्ण घास-मैदान बायोम की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – समशीतोष्ण घास-मैदान बायोम की तीन प्रमुख विशेषताएँ :**

1. **स्थिति :** यह बायोम महाद्वीपों के आंतरिक भागों में मध्य अक्षांशों में पाया जाता है, जैसे उत्तर अमेरिका में प्रेयरी और यूरेशिया में स्टेपी क्षेत्र।
2. **वनस्पति :** इन क्षेत्रों में वृक्ष बहुत कम या लगभग अनुपस्थित होते हैं। यहाँ छोटी लेकिन घनी और पौष्टिक घास पाई जाती है, जो पशुपालन के लिए अत्यंत उपयुक्त होती है।
3. **मृदा और कृषि :** यहाँ की चर्नोज़म मृदा अत्यधिक उपजाऊ होती है। इसी कारण यह क्षेत्र गेहूँ जैसी फसलों की खेती के लिए प्रसिद्ध है और इसे "विश्व का अन्न भंडार" कहा जाता है।

**प्रश्न 43 - वायुमंडलीय दाब को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – वायुमंडलीय दाब को प्रभावित करने वाले तीन कारक :**

1. **तापमान :** तापमान और वायुदाब में विपरीत संबंध होता है। तापमान बढ़ने पर हवा फैलती है और हल्की होकर ऊपर उठती है, जिससे निम्न दाब बनता है।
2. **ऊँचाई :** समुद्र तल से ऊँचाई बढ़ने पर वायुदाब घटता है क्योंकि हवा विरल (कम घनी) हो जाती है। वायुमंडल की निचली परतों में दाब सबसे अधिक होता है।
3. **जलवाष्प :** नम वायु शुष्क वायु की तुलना में हल्की होती है। अतः हवा में नमी (जलवाष्प) बढ़ने पर वायुदाब कम हो जाता है।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**भूमध्यरेखीय निम्नदाब पेटी की किन्हीं तीन विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर – भूमध्यरेखीय निम्नदाब पेटी की तीन प्रमुख विशेषताएँ :**

1. **तापजन्य पेटी :** यह पेटी भूमध्य रेखा के दोनों ओर 5° अक्षांशों तक फैली है। वर्ष भर सूर्य की सीधी किरणों के कारण यहाँ तापमान ऊँचा रहता है, जिससे हवा गर्म होकर ऊपर उठती है और निम्न दाब बनता है।
2. **शांत पेटी :** यहाँ पवनें क्षैतिज रूप से नहीं चलतीं बल्कि ऊपर उठती हैं, इसलिए यहाँ वातावरण शांत रहता है। इसे 'डोलड्रम्स' भी कहते हैं।
3. **संवहनीय वर्षा :** यहाँ प्रतिदिन दोपहर बाद बादलों की गर्जन के साथ संवहनीय वर्षा होती है।

**प्रश्न 44 - भारतीय अर्थव्यवस्था में मानसून के किन्हीं तीन महत्त्वों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – भारतीय अर्थव्यवस्था में मानसून का महत्त्व :**

1. **कृषि पर प्रभाव :** भारत की अधिकांश खेती मानसूनी वर्षा पर निर्भर करती है। अच्छी बारिश से फसल उत्पादन बढ़ता है और किसानों की आय में वृद्धि होती है।
2. **जल संसाधन :** मानसून से नदियाँ, तालाब और बाँध भरते हैं, जिससे पीने के पानी और सिंचाई की व्यवस्था होती है।
3. **औद्योगिक व ऊर्जा क्षेत्र :** पर्याप्त वर्षा से जलविद्युत उत्पादन बढ़ता है और कई उद्योगों को पानी आसानी से उपलब्ध होता है।

**प्रश्न 45 - "भारत में जल संसाधनों की उपलब्धता में काफी भिन्नता है।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – भारत में जल संसाधनों की उपलब्धता में भिन्नताएं :**

**1. मौसमी निर्भरता :** भारत में जल की उपलब्धता मौसम पर निर्भर करती है। वर्षा के समय नदियाँ और तालाब भर जाते हैं, लेकिन शुष्क मौसम में राजस्थान जैसे क्षेत्रों में जल की कमी हो जाती है।

**2. भौगोलिक कारक :** समतल और छिद्रपूर्ण मिट्टी वाले क्षेत्रों जैसे गंगा का मैदान में पानी आसानी से जमीन में समा जाता है, जिससे जल अधिक उपलब्ध होता है। इसके विपरीत, ढलान वाले और कठोर मिट्टी वाले क्षेत्रों जैसे दक्कन पठार में जल जल्दी बह जाता है।

**3. मानवीय गतिविधियाँ :** दिल्ली और मुंबई जैसे शहरी क्षेत्रों में पक्की सड़कों और इमारतों के कारण पानी का रिसाव कम हो जाता है, जिससे भूजल पुनर्भरण घटता है और जल संकट उत्पन्न होता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**"जल पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्त्वपूर्ण घटक है।" उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – जल पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्त्वपूर्ण घटक है :**

1. **जीवन का आधार :** जल सभी जीवित प्राणियों के अस्तित्व और पौधों में प्रकाश संश्लेषण के लिए अनिवार्य है। उदाहरण: पर्याप्त जल मिलने पर ही खेत में फसलें अच्छी तरह उगती हैं।
2. **प्राकृतिक आवास :** जल महासागरों और नदियों जैसे विशाल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करता है, जो लाखों जीवों को रहने के लिए घर प्रदान करते हैं। उदाहरण: मछलियाँ और प्रवाल भित्तियाँ केवल जल में ही जीवित रह सकती हैं।
3. **जलवायु नियमन :** जल अपने चक्र के माध्यम से पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित रखता है। उदाहरण: समुद्र की हवाएँ तटीय मौसम को ठंडा रखती हैं।

**प्रश्न 46 - 'लिंगानुपात' शब्द को परिभाषित कीजिए। भारत में लिंगानुपात में गिरावट के किन्हीं चार कारणों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर –** किसी देश या क्षेत्र में प्रति1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या को लिंगानुपात कहते हैं।

**भारत में लिंगानुपात में गिरावट के चार कारण :**

1. **पुत्र की चाह :** भारतीय समाज में वंश चलाने और बुढ़ापे के सहारे के लिए बेटों को बेटियों से अधिक महत्व दिया जाता है।
2. **कन्या भ्रूण हत्या :** चिकित्सा तकनीक के दुरुपयोग से जन्म से पहले ही पता लगाकर लड़कियों को मार दिया जाता है।
3. **दहेज प्रथा :** शादी में दिए जाने वाले दहेज के डर से कई परिवार लड़कियों को आर्थिक बोझ मानते है।
4. **बालिका स्वास्थ्य की उपेक्षा :** परिवारों में लड़कों के खान-पान और स्वास्थ्य पर लड़कियों की तुलना में अधिक ध्यान दिया जाता है, जिससे बालिकाओं की मृत्यु दर अधिक होती है।

**अथवा**


**भारत के मानव विकास प्रतिवेदन (2021-2022) की किन्हीं पाँच विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – मानव विकास रिपोर्ट (2021-22) की प्रमुख पाँच विशेषताएँ :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **वैश्विक रैंकिंग :** इस रिपोर्ट में 191 देशों में भारत का स्थान 132वाँ था। यह पिछले वर्षों की तुलना में गिरावट को दर्शाता है।
2. **एचडीआई मान :** भारत का मानव विकास सूचकांक (HDI) स्कोर 0.633 रहा, जो भारत को 'मध्यम मानव विकास' वाले देशों की श्रेणी में रखता है।
3. **जीवन प्रत्याशा :** भारत में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा घटकर 67.2 वर्ष हो गई, जिसका मुख्य कारण कोविड-19 महामारी था।
4. **स्कूली शिक्षा :** स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष 6.7 वर्ष और अपेक्षित वर्ष 11.9 वर्ष आंके गए।
5. **प्रति व्यक्ति आय :** भारत की प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (GNI) लगभग $6,590 (अमेरिकी डॉलर) मापी गई।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/


NIOS PYQ's
SOLUTIONS
PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS
OCTOBER-2024
Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - निम्नलिखित में से किसने भूगोल शब्द का प्रयोग सबसे पहली बार किया?**

**(A) ग्रिफ़िथ टेलर** **(B) एरेटोस्थेनेज**

**(C) हम्बोल्ट** **(D) कार्ल रिटर**

**उत्तर -** (B) एरेटोस्थेनेज

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से सच्चे अर्थों में पहला भूगोलवेत्ता कौन था जिसने शास्त्रीय भूगोलवेत्ताओं द्वारा निर्धारित नींव पर आधुनिक भूगोल की संरचना का निर्माण किया था?**

**(A) रत्ज़ेल** **(B) कार्ल रिटर**

**(C) हम्बोल्ट** **(D) एम्मानुएल कांत**

**उत्तर -** (C) हम्बोल्ट

**प्रश्न 3 - पृथ्वी की सतह को आकार देने वाली बहिर्जात प्रक्रिया है ________**

**(A) भूकंप** **(B) भूमि निम्नीकरण**

**(C) प्लेट संचल** **(D) ज्वालामुखी**

**उत्तर -** (B) भूमि निम्नीकरण

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से सही युग्म का चयन कीजिए।**

| पर्वत | उदाहरण |
|---|---|
| (A) वलित पर्वत | वील्ड |
| (B) ब्लॉक पर्वत | आल्प्स |
| (C) डोम पर्वत | विसुवियस |
| (D) संचय पर्वत | फ़ूजी यामा |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर** - (D) संचय पर्वत - फ़ूजी यामा

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का मानक याम्योत्तर है?**

**(A) 82° 30' पश्चिम** **(B) 82° 30' पूर्व**

**(C) 78° 30' पश्चिम** **(D) 87° 30' पूर्व**

**उत्तर** - (B) 82° 30' पूर्व

**प्रश्न 6. बॉक्स में दी गयी वन संबंधित सूचनाओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

200 सेमी. से अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं।

पेड़ 60 मीटर या उससे भी अधिक ऊँचाई तक पहुँचते हैं।

वनों में सभी प्रकार की घनी और मिश्रित वनस्पति होती हैं।

**(A) उष्णकटिबंधिय सदाहरित** **(B) उष्णकटिबंधिय पर्णपाती**

**(C) ज्वारीय वन** **(D) पर्वतीय वन**

**उत्तर** - (A) उष्णकटिबंधिय सदाहरित

**प्रश्न 7. भारत में, 11 सितम्बर को किस रूप में मनाया जाता है?**

**(A) विश्व पर्यावरण दिवस** **(B) राष्ट्रीय वन शहीद दिवस**

**(C) वृक्ष सुरक्षा दिवस** **(D) वृक्षारोपण दिवस**

**उत्तर** - (B) राष्ट्रीय वन शहीद दिवस

**प्रश्न 8. भारत में वर्तमान में जल के उपयोग के मदों को अधिक से कम के क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(1) घरेलू** **(2) उद्योग** **(3) सिंचाई** **(4) ऊर्जा**

**(A) (1), (2), (3), (4)**

**(B) (2), (1), (4), (3)**

**(C) (3), (2), (4), (1)**

**(D) (4), (3), (2), (1)**

**उत्तर** - (C) (3), (2), (4), (1)

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 9. भारत में रबी की फसल में उगाया जाता है :**

**(A) मूंग, मूंगफली**

**(B) मक्का, ज्वार**

**(C) गेहूँ, चना**

**(D) खरबूजा, तरबूज**

**उत्तर -** (C) गेहूँ, चना

**प्रश्न10. स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

| स्तंभ I (खनिज) | स्तंभ II (प्रमुख खान) |
|---|---|
| (i) लौहा | (a) छिंदवाड़ा |
| (ii) मैंगनीज | (b) सिंगरौली |
| (iii) बॉक्साइट | (c) रत्नागिरी |
| (iv) कोयला | (d) अमरेली |

**Options:**

**(A) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)**

**(B) (i)-(a), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(d)**

**(C) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(d)**

**(D) (i)-(d), (ii)-(b), (iii)-(c), (iv)-(a)**

**उत्तर -** (A) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)

**प्रश्न 11. जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि की गणना से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A) जन्मदर - मृत्युदर**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(B) जन्मदर + मृत्युदर**

**(C) जन्मदर - मृत्युदर + आगत प्रवास - निर्गत प्रवास**

**(D) जन्मदर + मृत्युदर - आगत प्रवास - निर्गत प्रवास**

**उत्तर -** (C) जन्मदर - मृत्युदर + आगत प्रवास - निर्गत प्रवास

**प्रश्न 12 - निम्नलिखित में से कौन-सा जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाला भौतिक कारक नहीं है?**

**(A) मृदा** **(B) जलवायु**

**(C) स्थलाकृति** **(D) प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता**

**उत्तर -** (D) प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता

**प्रश्न 13 - निम्नलिखित में से किस राज्य का मानव विकास सूचकांक सन् 2021 के अनुसार सर्वोच्च है?**

**(A) केरल** **(B) कर्नाटक** **(C) महाराष्ट्र** **(D) गुजरात**

**उत्तर -** (A) केरल

**प्रश्न 14 - सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य (MDGs) का प्रमुख विकास लक्ष्य है :**

**(A) केवल आर्थिक विकास**

**(B) केवल पर्यावरणीय विकास**

**(C) आर्थिक एवं पर्यावरणीय विकास**

**(D) आर्थिक और सामाजिक विकास**

**उत्तर -** (D) आर्थिक और सामाजिक विकास

**प्रश्न 15 - सतत विकास लक्ष्य के स्तंभों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(I) मानव स्थिरता**

**(II) आर्थिक स्थिरता**

**(III) पर्यावरणीय स्थिरता**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(IV) सांस्कृतिक स्थिरता**

**विकल्प :**

**(A) केवल (I), (II) व (III) सही हैं।**

**(B) केवल (II), (III) व (IV) सही हैं।**

**(C) केवल (I), (II) व (IV) सही हैं।**

**(D) केवल (I), (III) व (IV) सही हैं।**

**उत्तर -** (A) केवल (I), (II) व (III) सही हैं।

**प्रश्न 16 - नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**अभिकथन (A) :** वायु में जलवाष्प की सांद्रता जितनी अधिक होगी वायु का घनत्व उतना कम होगा।

**कारण (R) :** पानी का आण्विक भार शुष्क हवा के औसत आण्विक भार से कम है।

**विकल्प :**

**(A) दोनों (A) व (R) सही हैं। कारण (R), (A) की सही व्याख्या है।**

**(B) दोनों (A) व (R) सही हैं। कारण (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।**


**(C) (A) सही है और (R) गलत है।**

**(D) (A) गलत है और (R) सही है।**

**उत्तर -** (A) दोनों (A) व (R) सही हैं। कारण (R), (A) की सही व्याख्या है।

**सूचना : दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 17, 18, 19, 20 का उत्तर लिखिए।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/




**प्रश्न 17. मानचित्र पर अंकित 'A' पर्वत की पहचान कीजिए।**

**(A) एंडीज** | **(B) रॉकी**

**(C) आल्पस्** | **(D) यूराल**

**उत्तर -** (A) एंडीज

**प्रश्न 18. मानचित्र पर अंकित 'B' जलधारा की पहचान कीजिए।**

**(A) मोज़ाम्बिक** | **(B) क्यूरोशियो**

**(C) नॉर्वे** | **(D) गल्फ स्ट्रीम**

**उत्तर -** (B) क्यूरोशियो

**प्रश्न 19. मानचित्र पर अंकित 'C' समताप रेखा के तापमान की पहचान कीजिए।**

**(A) 5°C** | **(B) 10° C**

**(C) 15° C** | **(D) 20° C**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

उत्तर - (B) 10° C

**प्रश्न 20. मानचित्र में अंकित 'D' घास का मैदान बायोम की पहचान कीजिए।**

**(A) वेल्ड्स** **(B) पंपास**

**(C) डाउन्स** **(D) कैंटरबरी**

उत्तर - (D) कैंटरबरी

**प्रश्न 21. निम्नलिखित प्रश्नों का एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिए।**

**(a) चट्टानों के कमजोर होकर टूटने की प्रक्रिया का नाम लिखिए।**

उत्तर - अपक्षय

**(b) पवनों द्वारा रेत और धूल के सूखे और ढीले कणों को हटाने, उठाने व उड़ाने की क्रिया का नाम लिखिए।**

उत्तर - अपवाहन

**प्रश्न 22. उपयुक्त शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

**(a) ____________ भारत सरकार का प्रमुख निकाय है जो प्रत्येक लक्ष्य से जुड़े मंत्रालय के साथ सतत विकास लक्ष्यों का समन्वय कर रहा है।**

उत्तर - नीति आयोग

**(b) सितंबर 2015 को आयोजित ______________ के 70 वें सत्र में 193 देशों के विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए 17 सार्वभौमिक लक्ष्यों पर किए गए समझौतों का समूह है।**

उत्तर - संयुक्त राष्ट्र महासभा

**प्रश्न 23. कॉलम I का सही मिलान कॉलम II से कीजिए।**

| कॉलम I | कॉलम II |
|---|---|
| (a) गुजरात का प्रमुख बंदरगाह | (i) कोच्चि |
| (b) पूर्व-पश्चिम गलियारे का पूर्वी टर्मिनल स्टेशन | (ii) पालमपुर |
| (c) केरल स्थित प्रमुख हवाई अड्डा | (iii) कांडला |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(d) उत्तर-दक्षिण गलियारे का उत्तरी टर्मिनल स्टेशन

(iv) गुवाहाटी

(v) श्रीनगर

(vi) सिलचर

(vii) तूतीकोरिन

**उत्तर -**

| **कॉलम I** | **कॉलम II** |
|---|---|
| (a) गुजरात का प्रमुख बंदरगाह | **(iii) कांडला** |
| (b) पूर्व-पश्चिम गलियारे का पूर्वी टर्मिनल स्टेशन | **(vi) सिलचर** |
| (c) केरल स्थित प्रमुख हवाई अड्डा | **(i) कोच्चि** |
| (d) उत्तर-दक्षिण गलियारे का उत्तरी टर्मिनल स्टेशन | **(v) श्रीनगर** |

**प्रश्न 24 - दिए गए पैराग्राफ को ध्यान से पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए।**

ऐसा क्षेत्र जिसमें समरूप जलवायु विशेषताएँ तथा भौगोलिक निरंतरता पाई जाती है, उसे जलवायु क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। समान प्रकार के जलवायु क्षेत्रों की पहचान करने के लिए, विभिन्न विद्वानों द्वारा विभिन्न प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सटीक वर्गीकरण उपलब्ध नहीं है। यह माना जाता है कि ग्रीक दार्शनिक, अरस्तू ने संभवतः सूर्यातप के आधार पर पृथ्वी की जलवायु को वर्गीकृत करने का सर्वप्रथम प्रयास किया था। उन्होंने दुनिया को तीन तापीय क्षेत्रों में विभाजित किया अर्थात् उष्णकटिबंधीय क्षेत्र, समशीतोष्ण क्षेत्र तथा शीत कटिबंधीय क्षेत्र।

**(a) ध्रुवीय क्षेत्र में किस प्रकार कि जलवायु है?**

**उत्तर -** शीत कटिबंधीय

**(b) भूमध्यरेखीय क्षेत्र में किस प्रकार कि जलवायु है?**

**उत्तर -** उष्णकटिबंधीय

**प्रश्न 25 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(a) हरित क्रांति के जनक का नाम लिखिए।**

**उत्तर -** एम. एस. स्वामीनाथन

**(b) श्वेत क्रांति के जनक का नाम लिखिए।**

**उत्तर -** डॉ. वर्गीज कुरियन

**प्रश्न 26 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए।**

**(a) समुद्री जल में घुलित नमक की मात्रा को कहते हैं :**

**उत्तर -** लवणता

**(b) समुद्र जल में घुलित किस लवण की मात्रा सर्वाधिक है?**

**उत्तर -** सोडियम क्लोराइड

**प्रश्न 27 - कॉलम I का सही मिलान कॉलम II से कीजिए।**

| कॉलम I | कॉलम II |
|---|---|
| (a) वायुमंडल दाब को प्रभावित करने वाला एक कारक | (i) बोरा |
| (b) पवन की गति को प्रभावित करने वाला कारक | (ii) ध्रुव |
| (c) एक स्थानीय गरम शुष्क तेज हवा | (iii) पृथ्वी का आंतरिक तापमान |
| (d) एक स्थानीय ठंडी शुष्क सर्द हवा | (iv) शैल |
| | (v) कोरिओलिस बल |
| | (vi) जलवाष्प |
| | (vii) फॉन |

**उत्तर -** (a) वायुमंडलीय दाब को प्रभावित करने वाला एक कारक - **(vi) जलवाष्प**

(b) पवन की गति को प्रभावित करने वाला कारक - **(v) कोरिओलिस बल**

(c) एक स्थानीय गरम शुष्क तेज हवा - **(vii) फॉन**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(d) एक स्थानीय ठंडी शुष्क सर्द हवा - **(i) बोरा**

**प्रश्न 28 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर उपयुक्त शब्द द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति द्वारा दीजिए।**

**(a) ________ से नदी बंदरगाहों पर पानी का आयतन बढ़ जाता है जिससे बड़े जहाज सुरक्षित रूप से नौकायान कर सकते हैं।**

**उत्तर -** ज्वार

**(b) महासागरीय परिसंचरण का स्वरूप पृथ्वी के ________ परिसंचरण स्वरूप से मेल खाता है।**

**उत्तर -** वायुमंडलीय

**प्रश्न 29 - निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए।**

**(a) भारत में नदी द्वारा निर्मित निक्षेपात्मक मैदान का उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर -** गंगा-ब्रह्मपुत्र का मैदान

**(b) कनाडियन शील्ड किस प्रकार के मैदान का उदाहरण है?**

**उत्तर -** प्राचीन क्रिस्टलीय मैदान

**प्रश्न 30 - दिए गए पैराग्राफ को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए।**

किसी क्षेत्र की जलवायु उसकी अक्षांशीय स्थिति से प्रभावित होती है। भूमध्य रेखा तथा इसके आस-पास स्थित स्थान इससे दूर स्थित स्थानों की तुलना में गर्म होते हैं। इसका कारण विभिन्न अक्षांशों पर स्थित स्थानों पर प्राप्त सूर्यातप की मात्रा में भिन्नता है। भूमध्यरेखीय क्षेत्रों को अधिक ऊष्मा प्राप्त होती है क्योंकि यहाँ सूर्य की तीव्र और ऊर्ध्वाधर किरणें एक छोटे से क्षेत्र पर पड़ती हैं तथा उन्हें एक छोटे क्षेत्र को गर्म करना होता है। जबकि समशीतोष्ण और ध्रुवीय क्षेत्रों को तिरछी किरणें प्राप्त होती हैं जिनकी तीव्रता कम होती है तथा उन्हें एक बड़े क्षेत्र को गर्म करना होता है। मालदीव भूमध्य रेखा के पास स्थित है जो गर्म जलवायु का अनुभव करता है जबकि स्विट्जरलैंड दूर स्थित है और वहां की जलवायु ठंडी है।

**(a) भूमध्य रेखीय क्षेत्र को अधिक ऊष्मा क्यों प्राप्त होती है?**

**उत्तर -** भूमध्यरेखीय क्षेत्रों को अधिक ऊष्मा प्राप्त होती है क्योंकि यहाँ सूर्य की तीव्र और ऊर्ध्वाधर किरणें पड़ती हैं।

**(b) स्विट्जरलैंड मालदीव की अपेक्षा ठंडा क्यों है?**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर** - स्विट्जरलैंड भूमध्य रेखा से दूर स्थित है, इसलिए वहां तिरछी किरणें पड़ती हैं जिससे वहां ठंड रहती है।

**प्रश्न 31 - भारत के पर्यटन स्थल जैसे शिमला, नैनीताल आदि हिमालय की किस श्रेणी में स्थित हैं? हिमालय की सबसे उत्तरी एवं सबसे ऊँची श्रेणी का नाम लिखिए।**

**उत्तर** - भारत के पर्यटन स्थल जैसे शिमला और नैनीताल आदि लघु हिमालय श्रेणी में स्थित हैं। हिमालय की सबसे उत्तरी और सबसे ऊँची श्रेणी का नाम महान हिमालय है।

**प्रश्न 32 - मनुष्य के जीवन में खनिज के महत्व को दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर - मानव जीवन में खनिजों का महत्व :**

1. **औद्योगिक विकास :** खनिज उद्योगों के लिए आधारभूत कच्चा माल प्रदान करते हैं जैसे मशीनरी के लिए लोहा, एल्युमिनियम के लिए बॉक्साइट।
2. **ऊर्जा का स्रोत :** कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे खनिज परिवहन और बिजली उत्पादन के लिए ऊर्जा के मुख्य स्रोत हैं।

**प्रश्न 33 - भारत की अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश के महत्व को दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर - भारतीय अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश का महत्व :**

1. **पूंजी और तकनीक :** यह देश में आवश्यक वित्तीय पूंजी और आधुनिक तकनीक लाता है, जिससे उद्योगों के आधुनिकीकरण में मदद मिलती है।
2. **रोजगार सृजन :** इससे नए उद्योग स्थापित होते हैं, जिससे रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और जीवन स्तर में सुधार होता है।

**प्रश्न 34 - सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों की किन्हीं दो उपलब्धियों को स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर - सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों की दो उपलब्धियाँ :-**

1. **गरीबी में कमी :** वैश्विक स्तर पर अत्यधिक गरीबी और भुखमरी में रहने वाले लोगों की संख्या में भारी गिरावट आई है।
2. **शिक्षा :** प्राथमिक शिक्षा में नामांकन बढ़ा है और स्कूलों में लैंगिक असमानता में काफी कमी आई है।

**प्रश्न 35 - 1992 में पृथ्वी सम्मेलन के दो प्रमुख उद्देश्यों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - 1992 के पृथ्वी सम्मेलन के दो प्रमुख उद्देश्य :-**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **पर्यावरण संरक्षण :** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक-आर्थिक विकास की तत्कालीन वैश्विक समस्याओं का समाधान करना।
2. **सतत विकास :** 'एजेंडा 21' को अपनाकर सतत विकास प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग स्थापित करना।


**प्रश्न 36 - दिए गए भारत के प्राकृतिक मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्ह से अंकित कीजिए और उनका नाम लिखिए।**

**(a) राजस्थान की प्रमुख नदी जो कच्छ के रण में गिरती है।**

**उत्तर** - लूनी नदी

**(b) भारत में हिमालय की सबसे ऊँची चोटी।**

**उत्तर –** कंचनजंगा





All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 37 - दिए गए भारत के प्राकृतिक मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्ह से अंकित कीजिए और उनका नाम लिखिए।**

**(a) नर्मदा नदी**

**(b) भारत और श्रीलंका के मध्य एक जलडमरूमध्य**




**प्रश्न 38 - भूख से निपटने और छात्रों की गुणवत्ता में सुधार के कारण सूचकांक में उच्चतम स्कोर को हासिल करने वाले दो राज्यों का नाम लिखिए।**

**उत्तर -** भूख से निपटने और छात्रों की गुणवत्ता में सुधार के कारण **केरल** और **उत्तराखंड** ने सूचकांक में उच्चतम स्कोर प्राप्त किया है।

**प्रश्न 39 - भारत में शुष्क पर्णपाती वन की दो प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - भारत में शुष्क पर्णपाती वन की दो प्रमुख विशेषताएं :-**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**1. वर्षा :** ये वन उन क्षेत्रों में पाए जाते हैं जहाँ वर्षा 70 सेमी से 100 सेमी के बीच होती है।

**2. पत्तियां गिराना :** शुष्क ऋतु (गर्मी) शुरू होते ही नमी बचाने के लिए ये वृक्ष अपनी पत्तियां पूरी तरह गिरा देते हैं, जिससे जंगल नंगे पेड़ों वाले घास के मैदान जैसा दिखाई देता है।


**प्रश्न 40 - दिए गए मानचित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**(a) सबसे अधिक वन्यजीव अभयारण्य वाले राज्य का नाम लिखिए।**

**उत्तर** - अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

**(b) भारत के उत्तर पूर्वी राज्य का नाम लिखिए जहाँ 11 वन्यजीव अभयारण्य हैं।**

**उत्तर** - अरुणाचल प्रदेश




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 41 - पर्वतों के महत्व का तीन बिंदुओं में विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर - पर्वतों का महत्व :-**

1. **जलवायु अवरोधक :** ये मध्य एशिया से आने वाली ठंडी हवाओं को रोकते हैं और मानसूनी हवाओं को रोककर भारत में वर्षा कराते हैं।
2. **नदियों का स्रोत :** पर्वतों में स्थित हिमनद बारहमासी नदियों जैसे गंगा, यमुना का स्रोत हैं, जो साल भर जल प्रदान करते हैं।
3. **समृद्ध संसाधन :** ये वन संपदा, खनिजों और जैव विविधता से समृद्ध हैं और प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में कार्य करते हैं।

**प्रश्न 42 - सदाबहार वर्षा वन जीवोम की तीन महत्वपूर्ण विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर - सदाबहार वर्षा वन जीवोम की तीन विशेषताएँ हैं :**

1. **अधिक वर्षा और तापमान :** ये वन 200 सेमी से अधिक वार्षिक वर्षा और साल भर उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में पनपते हैं।
2. **सदाबहार प्रकृति :** यहाँ के वृक्ष एक साथ अपनी पत्तियाँ नहीं गिराते, इसलिए वन साल भर हरे-भरे दिखाई देते हैं।
3. **सघन वनस्पति :** वनस्पति बहुत घनी होती है और इसमें झाड़ियों से लेकर 60 मीटर तक ऊँचे पेड़ों के कई स्तर पाए जाते हैं।

**प्रश्न 43 - मानसूनी पवनों की तीन प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - मानसूनी पवनों की तीन मुख्य विशेषताएँ हैं :**

1. **मौसमी व्युत्क्रमण :** ये पवनें मौसम के साथ अपनी दिशा बदल लेती हैं। गर्मियों में समुद्र से स्थल की ओर और सर्दियों में स्थल से समुद्र की ओर बहती हैं।
2. **अनिश्चितता :** मानसून का आगमन और वापसी अक्सर अप्रत्याशित और अनियमित होती है।
3. **असमान वर्षा :** ये वर्षा का असमान वितरण करती हैं, जिससे कुछ क्षेत्रों में बाढ़ और कुछ में सूखा पड़ता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 44 - उत्तर की पर्वतीय श्रेणियाँ किस प्रकार भारत जलवायु को प्रभावित करती है? तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - उत्तर की पर्वतीय श्रेणियाँ भारत की जलवायु को तीन प्रकार से प्रभावित करती हैं :**

1. **ठंडी हवाओं से बचाव :** ये मध्य एशिया की कड़ाके की ठंडी हवाओं को भारत में आने से रोकती हैं, जिससे उपमहाद्वीप गर्म रहता है।
2. **वर्षा :** ये नमी युक्त दक्षिण-पश्चिम मानसूनी हवाओं को रोकती हैं, जिससे उत्तर भारत में भारी वर्षा होती है।
3. **तापमान का संतुलन :** अधिक ऊँचाई के कारण, पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मियों के दौरान भी जलवायु ठंडी और सुहावनी रहती है।

**अथवा**

**मानसूनी पवन किस प्रकार भारत की जलवायु को प्रभावित करती है? तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - मानसूनी पवनें भारत की जलवायु को इस प्रकार प्रभावित करती हैं :-**

1. **मौसमी लय :** ये भारतीय उपमहाद्वीप में गर्मी, वर्षा और सर्दी जैसी ऋतुओं का एक स्पष्ट और नियमित चक्र स्थापित करती हैं।
2. **जल स्रोत :** मानसूनी पवनें कृषि के लिए ताजे पानी का मुख्य स्रोत हैं। ये नदियों को भरती हैं और भूजल स्तर को बढ़ाती हैं।
3. **तापमान में गिरावट :** मानसूनी हवाओं के आगमन से भीषण गर्मी के बाद तापमान में अचानक कमी आ जाती है।

**प्रश्न 45 - जीवन के लिए जल संसाधन के महत्व को तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - जीवन के लिए जल संसाधनों का महत्व है :-**

1. **घरेलू उपयोग :** जल पीने, खाना पकाने, नहाने और दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।
2. **कृषि उत्पादन :** भारत में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कृषि, सिंचाई हेतु जल पर अत्यधिक निर्भर है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

3. **औद्योगिक उपयोग :** विनिर्माण प्रक्रियाओं, मशीनों को ठंडा करने और जलविद्युत उत्पादन के लिए जल आवश्यक है।

**अथवा**

**भारत में भूमिगत जल का वितरण असमान है? असमान होने के तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर - भारत में भूमिगत जल के असमान वितरण के तीन कारण हैं :**

1. **भूवैज्ञानिक संरचना :** नरम और छिद्रपूर्ण चट्टानों वाले क्षेत्र अधिक जल सोखते हैं जबकि कठोर चट्टानी क्षेत्र कम जल सोख पाते हैं।
2. **वर्षा में भिन्नता :** अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में भूजल स्तर, कम वर्षा वाले सूखे क्षेत्रों की तुलना में ऊँचा रहता है।
3. **भूमि का ढलान :** समतल भूमि पानी को आसानी से रिसने देती है, जबकि तीव्र ढलान पर पानी बह जाता है।

**प्रश्न 46 - भारत में जनसंख्या की आयु संरचना की पाँच प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - भारत में जनसंख्या की आयु संरचना की पाँच प्रमुख विशेषताएँ :-**

1. **विशाल युवा जनसंख्या :** भारत में बच्चों (0-14 वर्ष) और युवाओं का अनुपात बहुत अधिक है, जो इसे एक युवा राष्ट्र बनाता है।

2. **जनसांख्यिकीय लाभांश :** कार्यशील आयु वर्ग (15-59 वर्ष) की जनसंख्या का प्रतिशत बढ़ रहा है, जो आर्थिक विकास के लिए लाभदायक है।

3. **निर्भरता अनुपात :** यद्यपि यह घट रहा है, फिर भी जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा (बच्चे और बुजुर्ग) कार्यशील वर्ग पर निर्भर है।

4. **बढ़ती वृद्ध जनसंख्या :** बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और जीवन प्रत्याशा के कारण, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है।

5. **बड़ा किशोर वर्ग :** भारत में विश्व की सबसे बड़ी किशोर (10-19 वर्ष) आबादी में से एक है, जो भविष्य के लिए अपार संभावनाएँ प्रदान करती है।

**अथवा**

**भारत में जनसंख्या की भाषायी संरचना की पाँच प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - भारत की भाषायी संरचना की पाँच प्रमुख विशेषताएँ :-**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

1. **भाषाई विविधता :** भारत अपार भाषाई विविधता वाला देश है। यहाँ सैकड़ों बोलियाँ और भाषाएँ बोली जाती हैं, जो हर कुछ किलोमीटर पर बदल जाती हैं।
2. **भाषा परिवार :** यहाँ की भाषाएँ मुख्य रूप से चार परिवारों से संबंधित हैं, जिन्हें इंडो-आर्यन (73%), द्रविड़ (20%), ऑस्ट्रिक और साइनो-तिब्बती कहा जाता है।
3. **प्रमुख समूह :** इंडो-आर्यन परिवार उत्तर भारत मेंसबसे बड़ा समूह है, जबकि द्रविड़ परिवार दक्षिण भारत (तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम) में प्रधान है।
4. **अनुसूचित भाषाएँ :** भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 प्रमुख भाषाओं को मान्यता दी गई है।
5. **राजभाषा :** हिंदी देश की राजभाषा है और सर्वाधिक बोली जाती है, जबकि अंग्रेजी एक संपर्क भाषा के रूप में कार्य करती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success